हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 35 .2 डिग्री से.
न्यूनतम 18 .0 डिग्री से.

12 17% से कम नमी वाली धान को तुरंत खरीदें अधिकारी ...



12 खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिलवाना प्रशासन की ..



## खबर संक्षेप

### कुवि के 14 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 14 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। घोषित किए गए शोधार्थियों में मैनेजमेंट विभाग से प्रीति गुप्ता, संगीत विभाग से हरप्रीत कौर व तनु चौधरी, विधि से अंजलि व चांदरूप, पर्यावरण विज्ञान से अभिषेक शर्मा, शिवानी सांगवान व नीतू यादव, बायोटेक्नोलॉजी से नंदिनी सिंहमार व रक्षंदा सिंह, केमिस्ट्री से अमिषा, कंप्यूटर साइंस से पूजा चौधरी, ज्योग्राफी विभाग से नेहा खजूरिया तथा इतिहास विभाग से दीपक देश प्रेम सिंह सिंह शामिल हैं।

### स्टांप पेपर खरीदने के नाम पर 4.25 लाख ठगे

**यमुनानगर।** प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के लिए स्टांप पेपर खरीदने के नाम पर एक व्यक्ति से 4.25 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सूचित ने हुड्डा सेक्टर-17 थाने में शिकायत दी। उसने बताया कि वह तहसील परिसर में कार्य करता है। छह जुलाई को जगाधरी तहसील में उसकी मुलाकात प्रवीण कुमार से हुई। प्रवीण ने प्लाट की रजिस्ट्री करवाने की बात कहते हुए स्टांप पेपर खरीदने के लिए उससे 4.25 लाख रुपये ले लिए। बाद में पैसे मांगने पर आरोपी ने लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने प्रवीण कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### टावर से 80 हजार के टीआरएक्स कार्ड चोरी

**यमुनानगर।** गांव महायुदीनपुर स्थित मोबाइल टावर से चोरों ने टीआरएक्स कार्ड चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खेड़ी रांगड़ान निवासी राव कासिम ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव महायुदीनपुर में वोडाफोन कंपनी का टावर लगा हुआ है। वह मोबाइल टावर पर नौकरी करता है। 11 सितंबर को जब वह ड्यूटी पर आए तो उसे टावर से कंपनी का टीआरएक्स कार्ड गायब मिला। जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है। उसने इस बारे कंपनी के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### इमारत हादसे में आरोपियों की गिरफ्तारी पर 6 तक रोक

**अंबाला।** धूलकोट गांव में निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत गिरने से छह मजदूरों की मौत के मामले में प्रॉपर्टी कारोबारी हरदीप सिंह जग्गी समेत आरोपियों को अदालत से राहत मिली है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हितेश गर्ग की अदालत ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 6 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। अदालत ने अभियोजन पक्ष से मामले में शामिल अन्य आरोपियों की जमानत स्थिति और पहले कहीं जमानत याचिका दायर होने की जानकारी मांगी है। 27 सितंबर को वीटा कॉलोनी में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा गिरने से छह मजदूरों की मौत और करीब एक दर्जन मजदूर घायल हुए थे।

### सुनार की दुकान से 20 लाख के जेवर चोरी

**पानीपत।** थाना औद्योगिक क्षेत्र हुडा सेक्टर-29 के गांव सिवाह में चोरों ने सुनार की दुकान का ताला खोलकर करीब 20 लाख रुपये कीमत के सोने, चांदी और आर्टिफिशियल गहने चोरी कर लिए। दुकान संचालक हरिकिशन ने बताया कि उनकी दुकान घर के साथ ही है। चोरी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सहायक पुलिस अधीक्षक हर्षित गोयल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेत में खून से लथपथ मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव, सिर पर चोट के निशान

## जेब में 50 हजार मिले, दोस्त को डेढ़ लाख लेने की बात बताई थी

- जयधरी गांव के पास खेत में पड़ा मिला विजय नगर निवासी इरफान का शव
- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी सिविल अस्पताल में मृतक के परिजन। फोटो: हरिभूमि

छछरौली थाना क्षेत्र के गांव जयधरी के पास जगाधरी की विजय नगर कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय इरफान का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। मृतक की जेब से 50 हजार रुपये भी बरामद हुए है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जयधर निवासी मोहित ने बताया कि बुधवार सुबह गांव के कुछ लोग श्मशान घाट की तरफ खेतों में घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में पड़ने वाले एक खेत में सफेद कपड़ों में एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो उसके सिर पर गहरी चोट लगी हुई थी और चेहरा खून से सना हुआ था। ग्रामीणों ने तुरंत अन्य लोगों को सूचना दी और डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। शव के पास जाकर देखने पर पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। इसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की जेब से 50 हजार रुपये बरामद हुए। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर जगाधरी के सिविल अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान जगाधरी की विजय नगर कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय इरफान के रूप में हुई। इरफान ऱ्इंट भट्ठों पर मिट्टी सप्लाई का ठेका लेता था। मृतक के बेटे गुलजार ने बताया कि उनके पिता कल सुबह घर से निकले थे लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। आज सुबह उन्हें मोबाइल पर पिता के शव की फोटो मिली। जिसके बाद वह अस्पताल पहुंचे।

### जुटाए जा रहे हैं साक्ष्य

सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौके पर पहुंची थीं। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शव को देखकर लग रहा है कि व्यक्ति की हत्या यहीं की गई है। उसके सिर पर चोट के गहरे निशान हैं और जेब से 50 हजार रुपए कैश भी मिला है। शव को कब्जे में ले लिया गया है। -वेदपाल छछरौली थाना प्रभारी

### प्लाट देखने के बाद छछरौली में ही उतार दिया

मृतक इरफान के दोस्त राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को इरफान उसके साथ ही था। दोनों को प्लॉट देखने के लिए पांवटा साहिब जाना था। दोपहर करीब ढाई बजे इरफान ने कहा कि उसे किसी से पैसे लेने हैं और कुछ काम भी है। इसके बाद शाम करीब चार बजे वह फिर इरफान बाइक से उसके घर आया। इसके बाद दोनों कार से पांवटा साहिब गए और प्लॉट देखने के बाद वापस लौट आए। राकेश ने बताया कि रात को इरफान ने उससे कहा कि उसे किसी से डेढ़ लाख रुपए लेने हैं इसलिए उसे छछरौली में ही उतार दे। इरफान ने कहा था कि वह व्यक्ति वहीं पैसे देने आएगा और उसने उसे काफी परेशान किया हुआ है। रात को इरफान बाइक लेने नहीं आया। उसने फोन पर कॉल की लेकिन उसका मोबाइल बंद था।

# ई-रिक्शा से नीचे गिरने पर युवक की संदिग्ध मौत

- परिजनों ने की हादसे की गंभीरता से जांच की मांग

**यमुनानगर।** घर से दूध लेने के लिए निकले एक युवक की संदिग्ध हालत में ई.रिक्शा से नीचे गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरु कर दी। मृतक के परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए उसकी जांच किए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक ग्रीन विहार निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके पास चार बच्चे हैं। जिनमें तीन लड़के और एक लड़की है। उसने बताया कि उसका बेटा विकास उर्फ अंग्रेज(22) प्लाइवुड फैक्टरी में काम करता है। गत मंगलवार देर शाम उसका बेटा विकास घर से दूध लेने के लिए निकला था। मगर वह रात भर घर वापस नहीं आया। सुबह के वक्त उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनके बेटे विकास की गांव परवालो के पास ई.रिक्शा से नीचे गिरने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि विकास के सिर पर गहरी चोटों के निशान थे। उन्हें बताया कि सिर पर इतनी गहरी चोटों के निशान ई.रिक्शा से नीचे गिरने पर नहीं हो सकते हैं। उन्हें मामला संदिग्ध लग रहा है। उन्होंने पुलिस से मामले में गंभीरता से जांच किए जाने की मांग की। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच में जो सामने आएगा कार्रवाई की जाएगी।



कुरुक्षेत्र। बिल्डिंग में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। फोटो: हरिभूमि

# कुवि थर्ड गेट के सामने तीन मंजिला बिल्डिंग में आग

- सामान जलकर राख, बाहर खड़ी कार और कई स्कूटियां भी चपेट में आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के थर्ड गेट के सामने बुधवार दोपहर एक तीन मंजिला बिल्डिंग में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयंकर थी कि बिल्डिंग में रखा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। वहीं, बाहर खड़ी एक कार और कई स्कूटियां भी आग की चपेट में आ गईं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय अचानक बिल्डिंग से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीनों मंजिलों तक फैल गई। आग की लपटें बाहर निकलने लगीं और आसपास की दुकानों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया। इससे दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी दुकानों और वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर हटाने में जुट गए। शांति नगर निवासी हरिंद्र सिंह ने बताया कि उनका रियल एस्टेट और पब्लिकेशन का काम है और थर्ड गेट के सामने स्थित तीन मंजिला बिल्डिंग में उनका कार्यालय चलता है। बुधवार दोपहर वह अपने स्टाफ के साथ खाना खाने गए हुए थे। इसी दौरान उन्हें बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी।

### एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

सदमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तीसरी मंजिल से धुआं निकलने पर शटर तोड़कर आग के बचे हिस्सों को बुझाया गया। तीनों मंजिलों में रखा सामान जलकर राख हो गया। बिल्डिंग और सामान को भारी नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# रिकॉर्ड रूम में फंदे पर मिला मंडी सचिव के चालक का शव

*पत्नी ने मंडी सचिव पर लगाया परेशान करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मार्केट कमेटी सचिव के चालक 50 वर्षीय रोहताश शर्मा का शव बुधवार को मार्केट कमेटी कार्यालय के बेसमेंट स्थित रिकॉर्ड रूम में फंदे पर लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। रोहताश मूल रूप से चौचड़ा गांव के रहने वाले थे और पिछले कुछ समय से मंगल कॉलोनी पार्ट-2 में परिवार के साथ रह रहे थे। परिजन मंगलवार से उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे थे। मोबाइल की लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश की गई तो वह मंडी कार्यालय में मिले। सिटी थाना पुलिस के जांच अधिकारी हिम्मत सिंह के अनुसार, बेसमेंट स्थित रिकॉर्ड रूम के दोनों दरवाजे अंदर से बंद मिले। दरवाजा खुलवाकर देखा गया तो रोहताश का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। रोहताश की पत्नी नीतू ने मंडी सचिव पर पति को परेशान करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि रोहताश ने दो दिन पहले भी मंडी सचिव की ओर से परेशानी की बात बताई थी। परिजनों के मुताबिक रोहताश करीब 25 से 27 वर्षों से चालक के तौर पर कार्यरत थे। नीतू ने ड्यूटी बदलने और अतिरिक्त काम दिए जाने से पति के परेशान रहने की बात भी कही है।

# विवाहिता का शव चिता से उठा लाई पुलिस

- मायके वालों ने दी थी जहर देकर हत्या करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन 20 वर्षीय पूनम पत्नी विश्वास व उर्फ विशु निवासी सांई कालोनी, उझा रोड, पानीपत की मौत हो गई। पति विश्वास अपने परिजनों के साथ पूनम का शव घर ले आया और अंत्येष्टि के लिए पूनम के पार्थिव शरीर को शमशान भूमि ले गया। इधर, पूनम का भाई अपने परिजनों के साथ पुलिस को लेकर शमशान भूमि पहुंचा और आरोप लगाया कि पूजन को जहर देकर मारा गया है। पुलिस ने पूनम के शव को अपने कब्जे में लिए और पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। चांदनीबाग थाने से जांचाधिकारी चंद्रपाल ने बताया कि पूनम की मौत के सही कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वहीं, पूनम ने दो साल पहले विश्वास के साथ प्रेम विवाह किया था। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### पानीपत में युवक ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत में बुधवार दोपहर को कुटानी रोड निवासी 21 वर्षीय सन्नी ने अपने घर पर फंदे पर लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर थाना किला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी जांचा करवाई। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने सन्नी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं, पुलिस ने सन्नी की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

**गेट पास नहीं कटने से थानेसर अनाज मंडी में किसानों में रोष**

# पोर्टल वेरिफिकेशन की समस्या किसान आमरण अनशन पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू होते ही पोर्टल पर फसल वेरिफिकेशन की समस्या किसानों के लिए परेशानी बन गई है। वेरिफिकेशन नहीं होने से गेट पास जारी नहीं हो पा रहे हैं। इससे किसानों में रोष बढ़ रहा है। समस्या के विरोध में बुधवार को कैंथला खुर्द के पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह मार्केट कमेटी थानेसर कार्यालय के बाहर आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने बताया कि उनकी करीब 10 एकड़ धान की फसल 10 दिन से मंडी में पड़ी है। 25-26 सितंबर से गेट पास के लिए वह मंडी और कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन पोर्टल पर वेरिफिकेशन नहीं दिख रहा। अधिकारियों से कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ। अल्टीमेटम के बाद भी समस्या दूर नहीं होने पर उन्होंने अनशन शुरू किया।

### पिछले सीजन की आढ़त नहीं मिली, दूसरे दिन भी हड़ताल

**इंद्री।** पिछले धान सीजन की आढ़त का भुगतान नहीं होने से नाराज इंद्री अनाज मंडी के आढ़तियों ने दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी। आढ़तियों ने मंडी में कामकाज बंद रखा, जिसके चलते बुधवार को धान की सरकारी खरीद नहीं हो सकी। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुमेर चंद कांबोज ने बताया कि पिछले सीजन की आढ़त का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इस संबंध में अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जब तक बकाया आढ़त का भुगतान नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी। मार्केट कमेटी चेयरमैन महिंद्र पंजोखरा ने बताया कि कुछ आढ़तियों की आढ़त बकाया है और भुगतान करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**सीएम नायब सैनी की मौजूदगी में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किए हस्ताक्षर**

*शोधार्थियों को मिलेंगी उच्च स्तरीय शोध सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन*

# कुवि और एसजेएचआईएफएम के बीच हुआ एमओयू, बनेगा डॉक्टोरल रिसर्च सेंटर

- सीएम ने कुवि के कुलगुरु प्रो. सोम नाथ सचदेवा को बधाई दी और शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को विस्तार देते हुए स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टिट्यूट फॉर फिस्कल मैनेजमेंट (एसजेएचआईएफएम), पंचकूला के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया। चंडीगढ़ स्थित होटल माउंटव्यू में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का प्रमुख उद्देश्य डॉक्टोरल रिसर्च सेंटर की स्थापना करना है। इसके माध्यम से शोधार्थियों को उच्च स्तरीय शोध सुविधाएं, विशेषज्ञ मार्गदर्शन तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए बेहतर अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। यह पहल शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में संस्थागत सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ उच्च शिक्षा में नए अवसरों के सृजन में सहायक होगी। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोम नाथ सचदेवा को बधाई दी और शोध एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शोध, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता को निरंतर बढ़ावा दे रहा है। एसजेएचआईएफएम के साथ यह समझौता विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि डॉक्टोरल रिसर्च सेंटर की स्थापना से शोधार्थियों को बेहतर शोध वातावरण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा तथा दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान एवं शोध के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि शोध को समाज और प्रदेश की विकास आवश्यकताओं से जोड़ा जाए। इस अवसर पर ओएसडी राज नेहरू सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शाहाबाद की बेटी नवनीत कौर के प्रदर्शन से बढ़ा क्षेत्र का गौरव



- चेयरमैन सुभाष कलसाना ने नवनीत कौर के घर पहुंच कर परिजनो को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहाबाद

एशियन गेम्स-2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्वर्ण पदक के लिए भारतीय टीम का मुकाबला 2 अक्टूबर को चीन से होगा। शाहाबाद की खिलाड़ी नवनीत कौर भी टीम के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभा रही हैं। टूर्नामेंट में वह अब तक करीब 10 गोल कर चुकी हैं। नवनीत कौर पद्मश्री से सम्मानित कोच बलदेव सिंह की छात्रा रही हैं। टीम के फाइनल में पहुंचने पर हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना उनके घर पहुंचे और पिता बूटा सिंह, माता बलविंदर कौर व भाई युवराज सिंह को बधाई दी। उन्होंने नवनीत के प्रदर्शन की सराहना करते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले 1982 में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था।

### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम मौके पर रहेगी मौजूद

# 7 अक्टूबर को मॉडल टाउन में लगेगा सफाई महाकुंभ, 5000 लोग लेंगे हिस्सा

निगमायुक्त ने सफाई महाकुंभ की तैयारियों को लेकर पार्षदों व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित पार्षदों व अधिकारियों की बैठक में सफाई महाकुंभ को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश देते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

शहर को स्वच्छ बनाने और स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने को लेकर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा 7 अक्तूबर को मॉडल टाउन में सफाई महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस मेगा सफाई अभियान में एक साथ करीब 5000 लोग सफाई कार्य में जुटेंगे। इस सफाई महाकुंभ की तैयारियों को लेकर निगम कार्यालय में पार्षदों व अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महावीर प्रसाद ने की।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि इस सफाई महाकुंभ में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का रिकॉर्ड दर्ज कराने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी मौके पर पहुंचेगी।

निगमायुक्त ने बताया कि सफाई महाकुंभ में नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं, स्वयंसेवी संगठन, स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और शहरवासी भाग लेंगे। अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अभियान के दौरान मॉडल टाउन स्थित नेहरू पार्क तथा इसके आसपास के क्षेत्रों और गलियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने सफाई महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए अनुरोध किया, जिससे कि अभियान सफल हो सकें।

#### 3 अक्टूबर तक होगा रजिस्ट्रेशन

सात अक्टूबर को आयोजित होने वाले सफाई महाकुंभ में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए 3 अक्तूबर तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को पहचान पत्र जारी किया जाएगा। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने सभी पार्षदों से अपने अपने वार्डों से अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। कहा कि वे अभियान को सफल बनाने के लिए भरपूर प्रयास करें।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, मुख्य सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा, मुक्ता, लोकेश, पार्षद अरुण कुमार, भावना बिट्टू, तिलक राज, सुनैना शर्मा, मनु कृष्ण सिंगला, संदीप धीमान, दीक्षित कुमार, उज्जवल बनयाल, हरजीत आनंद व विक्रम राणा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थियों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**रादौर।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मासिक कार्य योजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान व पैनल अधिवक्ता आरती नंदा द्वारा विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम मध्यस्थता विधि, मौलिक अधिकार, दहेज प्रथा, बाल विवाह, पोक्सो कानून, सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र, स्थाई लोक अदालत, राष्टNीय लोक अदालत, पीड़ति मुआवजा योजना, नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम ने वहां उपस्थित सभी विद्यार्थियों को अपने कानूनी अधिकारों तथा पर्यावरण के प्रति उनके कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक किया। साथ ही नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी के साथ सभी उपस्थित प्रतिभागियों को आने वाली चौथी राष्टNीय लोक अदालत जो कि 12 सितंबर को आयोजित होनी है, के बारे में भी जानकारी दी ताकि लोग कोर्ट में लंबित मामलों का आसानी से निपटारा कर सकें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद आदि मौजूद थे।



### योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाना प्राथमिकता

**रादौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव माडल टाउन करेहड़ा व लालछप्पर में आंगन मिलन सेवा पखवाड़ा के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की सुपरवाइज मीना कांबोज ने की। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्करों ने भाग लिया। विभाग की सुपरवाइजर मीना कांबोज ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देना रहा। उन्होंने महिलाओं को विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया तथा महिलाओं और बच्चों के कल्याण से संबंधित सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक सुविधाएं पहुंचाना और महिलाओं एवं बच्चों के विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता जसविंद्र कुमार, पंच अलीशेर, दीपक, अंग्रेज व आंगनबाड़ी वर्कर माफिया, राजकुमारी, निर्मला व प्रभात आदि मौजूद रहे।



### युवाओं के विचार जानने को लग रही जेन-जी चौपाल

**रादौर।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन के तत्वावधान में रादौर के मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में नवीन जेनजी चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विद्यार्थियों ने नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम के साथ सीधे संवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संसदीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने किया। संसदीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि चौपाल कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी आकांक्षाओं, चुनौतियों और क्षेत्र से जुड़ी अपेक्षाओं पर चर्चा की और विभिन्न विषयों को लेकर सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि नवीन जेनजी चौपाल के माध्यम से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं के साथ छोटे समूहों में संवाद आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि युवाओं की बात सीधे सुनी जा सके और उनके विचारों एवं सुझावों को समझा जा सके। कार्यक्रम में कालेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नवीन जिंदल फाउंडेशन का आभार जताया। मौके पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से ईशान पांडेय व अंकित गर्ग आदि ने भी अपने विचार रखे।



### ध्रुव व खुशी ने जीती 100 मीटर दौड़

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में बुधवार को शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप पार्क रादौर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एसके सिंह ने की। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में ध्रुव ने पहला, नसीम ने दूसरा व हर्षित ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि लड़कियों की 100 मीटर दौड़ खुशी ने जीती। मनु को दूसरा व उर्वशी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह लड़कों की 200 मीटर दौड़ में नसीम प्रथम, ध्रुव द्वितीय व हर्षित तृतीय रहे। जबकि लड़कियों में खुशी ने पहला, मनु ने दूसरा व अंशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। इनके अलावा लड़कों की लंबी कूद में नसीम प्रथम, ध्रुव द्वितीय व साहिल तृतीय रहे। लड़कियों की इसी स्पर्धा में खुशी ने पहला, उर्वशी ने दूसरा व मनु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सिंह ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल केवल हार-जीत के लिए नहीं होता, बल्कि यह हमें सहयोग, समन्वय एवं संघर्ष करना सिखाता है। खेल में जीतना ही नहीं होता, बल्कि खेल में भाग लेना भी महत्व रखता है। खेल में भाग लेना हमें चुनौती स्वीकार करने की क्षमता से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि अच्छा खिलाड़ी वही है जो जीतने के बाद विनम्र रहता है और हारने के बाद अपने आप को पुनः सक्रिय कर लेता है। मौके पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पारितोषिक प्रदान किए गए। इस अवसर पर संयोजक प्रो.सतपाल आदि मौजूद थे।

### सीएम विंडो पर दी शिकायत पर नहीं लिया संज्ञान

**रादौर।** सीएम विंडो पर दी गई शिकायत पर कोई भी कार्रवाई न होने पर शिकायर्ता ने अधिकारियों पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए खेद जताया है। शिकायतकर्ता डॉ.लाभ सिंह नाचरौन ने बताया कि उन्होंने सीएम विंडो पर गांव नाचरौन में ग्रामीणों द्वारा गली में अवैध रूप से रैंप बढ़ाये जाने की शिकायत सीएम विंडो के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजी थी। सीएम विंडो पर दी गई शिकायत की सूचना संबंधित अधिकारियों ने उनको दी। परंतु आज तक शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी उनके द्वारा दी गई सीएम विंडो की शिकायतों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर सीएम विंडो पर दी गई शिकायतों पर अधिकारियों के ढुलमुल रवैये की शिकायत करेंगे और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर दी गई शिकायतें अधिकारियों के चलते ठंडे बस्ते में डाली जा रही है। जिस कारण लोगों का विश्वास सीएम विंडो से उठता जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस बारे संज्ञान लेने की मांग की।



रादौर। सीएम विंडो पर भेजी शिकायत दिखाते समाजसेवी डॉ .लाभ सिंह नाचरौन।

### बुजुर्ग पर 13 वर्षीय किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने का आरोप

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति पर 13 वर्षीय लड़की के साथ अश्लील हरकतें करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ आठ व 10 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी के साथ गांव का है 75 वर्षीय जसमेर काफी दिनों से अश्लील हरकतें कर रहा था। उसकी बेटी ने उसे घटना के बारे में बताया। जिसे सुनकर वह अचंभित रह गई। उसने घटना के बारे में पुलिस में शिकायत थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी जसमेर सिंह के खिलाफ 10 में आठ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया केस

# एमएसपी पर अधिकांश फसलें खरीदने में प्रदेश नंबर वन: नागर

- राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर ने रादौर व जगाधरी अनाज मंडी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। जगाधरी अनाज मंडी में धान खरीद का निरीक्षण करते राज्यमंत्री राजेश नागर।

हरियाणा के माननीय खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलें विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर ने रादौर अनाज मंडी में सरसों की खरीद का शुभारंभ किया। वहीं, उन्होंने सरस्वती नगर अनाज मंडी व इसके बाद जगाधरी अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए धान खरीद का जायजा लिया।

राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है। जहां किसानों की सबसे अधिक फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है। उन्होंने अनाज मंडी में किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर धान की फसल के उठान, पैकेजिंग की उपलब्धता और अन्य समस्याओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो और खरीद कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर ने कहा कि धान की फसल खरीद से संबंधित विभागों के अधिकारी या कर्मचारी अपने कार्यों में लापरवाही बरतते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मंडियों में किसानों, व्यापारियों और श्रमिकों के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि धान की फसल के खरीद प्रबंधों को लेकर स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों व जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों को निर्देश दिए कि किसानों को अपनी धान की फसल को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़ें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सरकार किसानों के हितों की रक्षा कर रही है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे मंडी से धान के उठान में देरी न करें। इस अवसर पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नितिश सिंगला, मार्किट कमेटी यमुनानगर के चेयरमैन राकेश त्यागी, जगाधरी मार्किट कमेटी के चेयरमैन विपूल गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा आदि मौजूद रहे।



### टीबी उन्मूलन में निभाएं सक्रिय जिम्मेदारी: गिल

**यमुनानगर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी छछरौली में टीबी फोरम के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने की। मौके पर अतिरिक्त चिकित्सा अधिकारी डॉ. वागीश गुटेन भी मौजूद रहे। मौके पर 84 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि टीबी फोरम की बैठक में प्रशासन एवं समाजसेवी लोगों द्वारा सीएचसी छछरौली के सभी 84 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। मौके पर टीबी मरीजों को पोषण किट भी प्रदान की गईं। बैठक में टीबी मरीजों को उपचार के साथ साथ पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने तथा टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कपिल मनीष गर्ग, कल्याण सिंह, जगदीश धीमान, कैलाश चन्द शर्मा, रामजतन, पलक अग्रवाल, कल्याण व योगेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



### आत्मविश्वास सफलता की आधारशिला

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग द्वारा संस्थान में व्यक्तित्व विकास विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यवक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ तनवीर सिंह ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन संस्थान की मेधा व श्वेता के मार्ग दर्शन में किया गया। मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ तनवीर सिंह ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने, विचारों में स्पष्टता विकसित करने, प्रभावी संचार करने तथा सकारात्मक एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावहारिक उदाहरणों एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से यह समझाया कि आत्मविश्वास और स्पष्ट सोच व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक सफलता की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों एवं इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से अपने विचार साझा किए।

# गोगा माड़ी मेले में पहलवानों ने दिखाए दांव

- मेले के छठे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। मेले में दंगल में दांव दिखाते पहलवान। फोटो : हरिभूमि

प्राचीन एवं ऐतिहासिक गोगा माढ़ी रादौर में चल रहे आठ दिवसीय मेले में बुधवार को छठे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान काफी श्रद्धालुओं ने निशान चढ़ाकर बाबा जाहरवीर गोगा व गुरु गोरखनाथ का आर्शीवाद लिया। खास बात यह रही छठे दिन बुधवार को मेले में दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें पहलवानों ने अपनी ताकत के जौहर दिखाए।

बुधवार को छठे दिन मेले में सुबह होते ही रादौर समेत आसपास के सैंकड़ो गांव के श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया था। इस दौरान गोगा माढ़ी में दर्शन और पूजा के लिए श्रद्धालुओं को लाइनो में कई कई घंटे खड़े होकर इंतजार करना पड़ा। वहीं, मेले में लगाई गई दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की।रादौर थाना प्रभारी राजेश राणा के नेतृत्व में बुधवार को छठे दिन भी भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर रही। थाना प्रभारी राजेश राणा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेले के दोनो गेटों पर बेरियर लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किए हुए हैं। दुकानदार अश्वनी, सुभाष, रोशन व विशाल आदि ने बताया कि मेले में रात के समय श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ देखने को मिलती है। जिससे उनकी अच्छी सेल हो जाती है। झूलो पर भी रात्रि के समय श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहने से उन्हें अच्छी आय हो रही है।

#### विजेता पहलवान पुरस्कृत

नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता ने बताया कि मेले में छठे दिन भी दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता पहलवानों को नपा की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव कुराली व मंधार में करवाया गया निर्माण

# अमृत सरोवरों से बदलेगी गांवों की तस्वीर : बीडीपीओ शबनम

कुराली में 26.8 व मंधार में 54.84 लाख रुपये किए गए हैं खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। व्यासपुर खंड में बनाए गए अमृत सरोवर की तस्वीर।

जिले के व्यासपुर के गांव कुराली व मंधार में सेवा संकल्प अभियान के तहत लाखों रुपये की लागत से अमृत सरोवरों का निर्माण करवाया गया है। अमृत सरोवरों के बनने से दोनों गांवों की तस्वीर बदलेगी। उक्त जानकारी व्यासपुर के बीडीपीओ शबनम ने दी।

व्यासपुर की बीडीपीओ शबनम ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुराली में 26.80 लाख रुपये की लागत से व गांव मंधार में 54.84 लाख रुपये की लागत से अमृत सरोवर का निर्माण करवाया गया। विकसित अमृत सरोवर ग्रामीण विकास और जल संरक्षण की मिसाल बनकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले इन गांवों में तालाबों की स्थिति दयनीय थी और नालियों का गंदा पानी सीधे तालाब में गिरने से दुर्गंध फैलती थी । इसका पानी किसानों के लिए भी उपयोगी नहीं था। अब तालाब के नवीनीकरण से ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। बीडीपीओ शबनम ने बताया कि दोनों गांवों में वर्ष 2022-23 में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इसके तहत गांव कुराली में तालाब की सफाई, नाले और पाइपलाइन का निर्माण तथा पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए ट्रीटमेंट यूनिट स्थापित की गई। इससे तालाब के पानी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और किसानों को फसलों में उपयोग के लिए बेहतर पानी उपलब्ध होने लगा है। वहीं ग्राम पंचायत मंधार में सरपंच मंगत राम के नेतृत्व में पुराने तालाब की खुदाई और नवीनीकरण करवाकर उसकी जल संग्रहण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

#### भूजल स्तर सुधारने में मिलेगी मदद

बीडीपीओ शबनम ने बताया कि अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार से गांव में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। तालाब में वर्षा जल संग्रहित होने से भूजल रिचार्ज में सहायता मिलेगी और स्थानीय पर्यावरण को भी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत की सक्रिय भागीदारी से पारंपरिक जल स्रोत को नया स्वरूप दिया गया है। यह पहल दर्शाती है कि पुराने तालाबों का वैज्ञानिक तरीके से नवीनीकरण कर जल संरक्षण के प्रयासों को मजबूत बनाया जा सकता है। अमृत सरोवर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने और टिकाऊ ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

#### सुबह-शाम सैर के लिए विकसित हुआ सुंदर स्थल

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शबनम ने बताया कि गांव कुराली में अमृत सरोवर के चारों ओर ग्रामीणों के घूमने के लिए पक्की पटरी बनाई गई है। वहीं, रात के समय पर्याप्त रोशनी के लिए लाइटें भी लगाई गई हैं। इससे तालाब अब जल संरक्षण के केंद्र के साथ साथ ग्रामीणों के बैठने, टहलने और समय बिताने के लिए आकर्षक सार्वजनिक स्थल बन गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुराली गांव की आबादी 710 थी। अमृत सरोवर से पूरे गांव को लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के खंड लाडवा के विभिन्न गांवों में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित विकास कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया गया। इस दौरान गांव हलालपुर, लोहारा, ध्यांगला, गुढ़ा, गुढ़ी, बड़तौली, छपरा, बकाली, बरोट, बड़ाचपुर तथा खेड़ी दबदलान में तालाबों की वर्तमान स्थिति तथा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विमल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### बदरपुर में सेवा सेतु शिविर आज

**लाडवा।** एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन उपमंडल लाडवा के गांव बदरपुर के पंचायत भवन में 1 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। इस शिविर में सभी योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। आसपास के गांव के नागरिक शिविर में हिस्सा लेकर सुबह 10 बजे अपनी शिकायत व समस्याओं को रख सकते हैं।

### नशे के खिलाफ चलाया सर्च अभियान

**लाडवा।** नशे के खिलाफ पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार रात्रि को लाडवा शहर में पुलिस ने व्यापक सर्च अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के दिशा-निर्देशानुसार थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने पुलिस डॉग्स की सहायता से संदिग्ध स्थानों और नशे से जुड़े लोगों के घरों की जांच की।

## अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक

# धान खरीद की कैपिंग को लेकर किसानों का सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धान खरीद व्यवस्था को लेकर किसानों और सरकार के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। बुधवार को कुरुक्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा, हरियाणा की बैठक हुई। इसमें नौ किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और धान खरीद व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। किसान संगठनों ने धान खरीद पर लगाई गई कैपिंग हटाने, किसानों को दूसरे जिले की नजदीकी मंडी में फसल बेचने की अनुमति देने तथा वेरिफिकेशन व्यवस्था को सरल बनाने की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो 4 अक्टूबर को प्रदेशभर में सरकार के पुतले फूंके जाएंगे। साथ ही मार्केट कमेटी कार्यालयों का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। शहीद भगत किसान यूनियन के जिला प्रधान एडवोकेट संजू नंबरदार ने धान खरीद की लिमिट को लेकर सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न विश्वविद्यालयों और प्रमाणित कंपनियों की ओर से धान की ऐसी किस्मों के बीज तैयार किए जा रहे हैं, जिनसे किसानों को अधिक पैदावार मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करती है, लेकिन जब किसान अधिक पैदावार हासिल करता है तो मंडी में उसकी खरीद पर लिमिट लगा दी जाती है। उन्होंने मांग की कि किसान की वास्तविक पैदावार के आधार पर धान की खरीद की जाए और कैपिंग को हटाया जाए।



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में मौजूद किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा हरियाणा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### दूसरे जिले की मंडी में फसल बेचने की मिले छूट : जगदीप

सर छोटूराम किसान यूनियन, करनाल के जिला प्रधान जगदीप औलख ने कहा कि कई किसानों के लिए अपने जिले की मंडी की तुलना में दूसरे जिले की मंडी अधिक नजदीक होती है। ऐसे में किसान को नजदीकी मंडी में फसल बेचने की सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि किसानों को अपने खेत या गांव से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाली किसी भी मंडी में धान बेचने की अनुमति दी जाए, भले ही वह मंडी दूसरे जिले में स्थित हो। उन्होंने कहा कि मंडी की सीमा जिले के आधार पर तय करने के बजाय किसान की सुविधा और दूरी को आधार बनाया जाना चाहिए।

### वेरिफिकेशन सिस्टम तुरंत दुरुस्त करने की मांग

बैठक में धान खरीद से जुड़े वेरिफिकेशन सिस्टम को लेकर भी किसान नेताओं ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए, जिसके कारण किसान फसल लेकर मंडी पहुंचने के बाद भी अनावश्यक परेशान हो। किसान संगठनों ने सरकार से वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सरल और सुचारु बनाने की मांग की। नेताओं ने स्पष्ट किया कि मांगों का समाधान नहीं होने पर 4 अक्टूबर को मार्केट कमेटी कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन और सरकार के पुतले फूंकने का कार्यक्रम किया जाएगा।

## सुधीर चुघ बने नई सब्जी मंडी रेहड़ी-फड़ी यूनियन के प्रधान



कुरुक्षेत्र। नई सब्जी मंडी में रेहड़ी-फड़ी संचालकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्षद सुधीर चुघ को रेहड़ी-फड़ी यूनियन का प्रधान सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर 200 से अधिक रेहड़ी एवं फड़ी संचालक मौजूद रहे। नवनियुक्त प्रधान सुधीर चुघ ने सभी रेहड़ी-फड़ी संचालकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि रेहड़ी-फड़ी संचालकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनके हितों के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सुधीर चुघ ने कहा कि नई सब्जी मंडी में रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले लोगों की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर शिवदयाल, राकेश अरोड़ा, कीर्ति धवन, सुनील मलिक, राजू शोरगिल, गौरव ठाकुर, सनी, मदेन, साहिल वाधवा, शिवम, ईश्वर, रघुवीर, बलदेव, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा पहुंचे पिपली अनाज मंडी

# किसानों को मंडियों में फसल बेचने में नहीं होगी परेशानी : श्याम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान अन्नदाताओं को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। अनाज मंडियों में किसानों को अपनी फसल बेचने के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा देर रात पिपली अनाज मंडी में पहुंचे। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा का मार्केट कमेटी सचिव गुरमीत सैनी ने स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में बातचीत कर धान की फसल की खरीद प्रक्रिया के संबंध में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और उनकी सुविधा एवं सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों और आढ़तियों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



कुरुक्षेत्र। पिपली अनाज मंडी में मार्केट कमेटी सचिव गुरमीत सैनी को निर्देश देते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### अधिकारियों को निर्देश

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसान अपनी फसल को सुगमता से मंडी में बेच सकें और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाज मंडी में आने वाले प्रत्येक किसान के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और फसल खरीद प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाया जाए। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मंडियों में फसल खरीद प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित होनी चाहिए। किसानों को गेट पास, फसल की खरीद, उठान, भुगतान सहित किसी भी प्रक्रिया में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# लद्दाख से ऑल इंडिया गुरुद्वारा एक्ट बनाने के अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने लद्दाख के उपराज्यपाल को सौंपा मांग पत्र

हिंदुस्तान के सभी गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंधन को सुचारू बनाने और पूरे देश के लिए ऑल इंडिया गुरुद्वारा एक्ट बनाने की मांग को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा अभियान की शुरूआत लद्दाख से की गई है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा द्वारा लद्दाख के उपराज्यपाल को इस संबंध में मांग पत्र भी सौंपा गया। इस दौरान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने लेह के कमिश्नर सरदार सूरवीर सिंह से भी मुलाकात की गई तथा ऑल इंडिया गुरुद्वारा एक्ट की आवश्यकता को लेकर विचार-विमर्श किया।



यह जानकारी फोन के माध्यम से हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने दी। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि देशभर के गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंधन के लिए एक ऑल इंडिया गुरुद्वारा एक्ट का बनना समय की मुख्य आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाएगा।

## जाट धर्मशाला निर्माण के लिए 11 लाख का सहयोग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के प्रयासों के लिए सुभाष कलसाना, चेयरमैन हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया। जिन्दल हाउस पहुंचने पर उन्होंने शाहाबाद क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह और हल्का प्रभारी अजैब सिंह ने जाट धर्मशाला, शाहाबाद मारकंडा के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। कलसाना ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस मौके पर रविंद्र सांगवान, त्रिलोचन सिंह हांडा सहित सरपंच, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और खिलाड़ी को तेजी से विकसित होना खुशी की बातः कलसाना

- ग्राम पंचायत अढोन की ओर से दूसरी वार्षिक क्रिकेट चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

ग्राम पंचायत अढोन की ओर से दूसरी वार्षिक क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बल्ले से शॉट लगाकर किया। गांव में पहुंचने पर सरपंच संजीव कश्पय और पंचायत की ओर से सुभाष कलसाना का भव्य अभिनंदन किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुभाष कलसाना ने कहा कि यह खुशी की बात है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और खिलाड़ी दोनों तेजी से विकसित हो रहे हैं। गांवों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल नीति के सकारात्मक परिणाम आज गांव-गांव में दिखाई दे रहे हैं और प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। सुभाष कलसाना ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही जरूरी नहीं हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है।




## प्रो. सुरेश कुमार बने कार्यवाहक प्राचार्य



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशु राम कॉलेज, सेक्टर-5, कुरुक्षेत्र में एक औपचारिक समारोह के दौरान प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार पाराशर ने कार्यवाहक प्राचार्य के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। मनोविज्ञान विषय के विभागाध्यक्ष के रूप में लंबा शैक्षणिक अनुभव रखने वाले प्रोफेसर (डॉ.) सुरेश कुमार पाराशर ने पदभार संभालने के बाद कि कहा कि श्री पंकज सेतिया, अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक द्वारा मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है उसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

## नकारात्मकता मिटाने को विश्व आत्म क्रांति अभियान की शुरुआतः सिद्धार्थ

**कुरुक्षेत्र।** दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहे मानसिक तनाव, वैचारिक संकीर्णता और नकारात्मक वातावरण को दूर करने तथा लोक-कल्याण की भावना के प्रसार हेतु मुरथल स्थित समर्थगुरु धाम द्वारा एक विशेष पहल की गई है। समर्थगुरु धाम के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के पावन सान्निध्य में समर्थगुरु धारा एवं भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आत्म क्रांति अभियान का शंखनाद किया गया है, जिसका मूल ध्येय वैश्विक स्तर पर सर्वजन हिताय की भावना और अहोभाव की चेतना का विस्तार करना है। इस महत्वपूर्ण पहल की विस्तृत जानकारी देते हुए समर्थगुरु धारा (हिमाचल प्रदेश) के स्टेट कोऑर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी तथा शिक्षा कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि आधुनिक समाज की विभिन्न चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस अभियान के अंतर्गत पाँच प्रमुख आयामों पर कार्य किया जा रहा है। आध्यात्मिक उत्थान के लिए चलाए जा रहे सहज योग प्रकल्प के तहत अब तक 70 सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से साधक आत्मज्ञान और ब्रह्मज्ञान की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। वहीं युवा पीढ़ी को निराशा व शिकायत भाव से मुक्त कर कृतज्ञता और सकारात्मक जीवन शैली की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से देश-विदेश के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में मेंटल हेल्थ मैनेजमेंट अभियान चलाया जा रहा है। कार्यस्थल पर मानसिक दबाव को कम करने हेतु कॉर्पोरेट जगत तथा सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट सत्र संचालित किए जा रहे हैं, ताकि वे तनावमुक्त होकर राष्ट्र सेवा में योगदान दे सकें। इसके अतिरिक्त विभिन्न आध्यात्मिक परंपराओं व डेरों से जुड़े साधकों को ध्यान और ओंकार के मूल रहस्य से जोड़कर उनकी आत्मिक यात्रा सुगम बनाने के लिए मिशन सतनाम के तहत सिद्धार्थ ध्यान योग का संचालन किया जा रहा है।



# पंजाबी सभा के आठ सदस्य सम्मानित

### पंजाबी वेलफेयर सभा ने आयोजित की आम सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पंजाबी वेलफेयर सभा की आम सभा की बैठक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन-टीचिंग क्लब में प्रधान रूपेश खन्ना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंजाबी सभा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर हाल ही में पदोन्नत हुए पंजाबी सभा के आठ सदस्यों को सम्मानित किया गया। सभा की ओर से सभी पदोन्नत सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए तथा उनकी पदोन्नति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में पंजाबी सभा के वार्षिक सदस्यता शुल्क में वृद्धि करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा कर पारित किया गया। इसके अतिरिक्त, सदस्यों एवं उनके परिवारों के बीच आपसी मेल-जोल और सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निकट भविष्य में सभा द्वारा फैमिली फंक्शन आयोजित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में पंजाबी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा सभा की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने भविष्य में भी पंजाबी सभा के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। अंत में प्रधान रूपेश खन्ना तथा महासचिव मोहित शारदा ने सभा की बैठक में आए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। इस बैठक में चेयरमैन मुनीष खुराना, उपप्रधान सुनीता धमीजा, सहसचिव नवीन छिब्बर, कैशियर साहिल तनेजा, प्रेस सचिव अनुज कामरा, सीमा हमबिरिया, नीलम, ममता हंस, रेखा, नीलम दुआ, रजनी चोपड़ा, ममता,सरोज आदि मौजूद रहे।





# डॉ. अशोक कुमार रक्तदान के क्षेत्र में प्रेरणा के स्रोत

**कुरुक्षेत्र।** आज राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस है। आज का दिन रक्तदाताओं के लिए समर्पित हैं। ऐसे ही एक रक्तदाता हैं जो हरियाणा पुलिस में उप निरीक्षक हैं, वे पुलिस बल के सर्वोच्च रक्तदाता हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा की रक्तदान एवं सामाजिक सेवा यात्रा लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। भारतीय पुलिस में सर्वोच्च रक्तदाता के रूप में पहचान बना चुके डॉ. वर्मा अब तक 185 बार रक्तदान, 90 बार प्लेटलेट्स तथा एक बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में 610 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 22,021 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। वे लगभग 76 हजार जरूरतमंदों लोगों तक रक्त की सेवा दे चुके हैं। डॉ. वर्मा केवल नियमित रक्तदान शिविरों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि आपात स्थिति में मांग आने पर भी रक्त एवं प्लेटलेट्स की व्यवस्था कराने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनके प्रयासों से हजारों जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया गया है। उनका पूरा परिवार भी रक्तदान के माध्यम से इस सेवा अभियान से जुड़ा हुआ है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में डॉ. वर्मा नशामुक्ति अभियान को भी निरंतर गति दे रहे हैं।

## सेवा सुरक्षा अधिनियम-2026 के लिए डेटा शीघ्र भेजे विश्वविद्यालय : हुकटा



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के आह्वान पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों की एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष डॉ. तनु शर्मा के नेतृत्व में कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा मांगी गई अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा में शीघ्र एवं समयबद्ध रूप से भेजने की अपील की। कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक-दो दिन में यह सूचना उच्चतर शिक्षा विभाग को प्रेषित कर दी जाएगी। इस अवसर पर डॉ. हरनेक सैनी, डॉ. अश्वनी दहिया, डॉ. अनिल, डॉ. सतपाल, डॉ. स्नेहा लता, डॉ. संजीव ग्रेवाल, डॉ. करमजीत सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। हुकटा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र; महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक; चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी; चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा; चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद; इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर; गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम; भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां; महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल तथा डॉ. बी.आर. अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के कुलसचिवों से भी निर्धारित जानकारी शीघ्र उच्चतर शिक्षा विभाग को भेजने की अपील की है।

## कार्यक्रम | कुवि में यूटीडी टैलेंट शो प्रतियोगिता के फाइनल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

# मोनो एक्टिंग में विशाल तथा गायन में अक्षत ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय सभागार में यूटीडी टैलेंट शो प्रतियोगिता 2026-27 के फाइनल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों (यूटीडी) के लगभग 200 विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत भाषण, गायन, नृत्य, मोनो एक्टिंग, पेंटिंग, काव्य गोष्ठी, मिमिक्री, क्विज एवं वाद्य यंत्र वादन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के विभिन्न चरण 22, 24, 25 एवं 30 सितंबर को आयोजित किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उनके बहुआयामी व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। यूटीडी कॉन्टिजेंट इंचार्ज डॉ. मीनाक्षी सुहाग ने मुख्य अतिथि, गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने टैलेंट शो विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों की कला, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता एवं प्रदर्शन के आधार पर किया गया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




कुरुक्षेत्र। विजेता टीम के प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे विजेता

प्रथम पुरस्कार के रूप में 900 रुपये एवं प्रमाण-पत्र, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 750 रुपये एवं प्रमाण-पत्र तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 600 रुपये एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मोनो एक्टिंग में विशाल कुमार प्रथम, अमित द्वितीय एवं वैशाली लोहान तृतीय रहे। पेंटिंग में अंजलि ने प्रथम, मनदीप ने द्वितीय तथा दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिमिक्री में विशाल कुमार प्रथम, कंवलदीप कौर द्वितीय एवं खुशी तृतीय रहीं। क्विज में अरविंद प्रथम, भारत द्वितीय एवं चेतन तृतीय रहे। वाद्य यंत्र वादन में देवतानु दास्तान प्रथम, साहिल द्वितीय एवं अमित तृतीय रहे। काव्य गोष्ठी में सानिया शर्मा प्रथम, मनदीप कौर द्वितीय एवं टिकोक तृतीय रहे। भाषण प्रतियोगिता में भारत प्रथम, किरण द्वितीय एवं किरण शर्मा तृतीय रहीं। गायन में अक्षत प्रथम एवं अक्षत द्वितीय रहे, जबकि तृतीय स्थान के विजेता का नाम उपलब्ध नहीं है। नृत्य प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम, पूजा शर्मा द्वितीय एवं अनिकेत तृतीय रहे। अंत में डॉ. हरविंदर सिंह ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, संकाय सदस्यों, प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों एवं आयोजन से जुड़े सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मीनाक्षी सुहाग, सहायक प्रोफेसर, पर्यावरण अध्ययन संस्थान तथा डॉ. हरविंदर सिंह, सहायक प्रोफेसर, संगीत एवं नृत्य विभाग एवं यूटीडी कॉन्टिजेंट इंचार्ज सहित निर्णायक मंडल, शिक्षकों एवं विद्यार्थी समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ब्लैंड द विंडो सीट के कलाकारों जिसमें गायक मनीष, गौरव शाह बाँसुरी, रोहित तबला वादक, अभिषेक इलेक्ट्रिक गिटार, सुयश बास गिटार, गुलशन की-बोर्ड तथा दीप्तांग्शु ड्रम वादन ने विशेष प्रस्तुति देकर वाह-वाही लूटी।

## खबर संक्षेप

### अवैध भवनों को लेकर जारी हुई हेल्पलाइन

**अंबाला।** नगर निगम के आयुक्त ने जनता को अवगत करवाते हुए कहा कि शहर में असुरक्षित इमारतों और असुरक्षित या अनधिकृत निर्माण की रिपोर्ट करने के लिए एक हेल्पलाइन शुरू की गई है। इस पर कोई भी नागरिक इसकी सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि है कि कोई भी ऐसी इमारत जो पुरानी, दरारग्रस्त, झुकी हुई या जर्जर अवस्था में हो, स्वीकृत योजना के बिना या असुरक्षित प्रतीत होने वाले तरीके से निर्माण कार्य, खुदाई या तहखाने का काम जिससे आस-पास की इमारतें प्रभावित हो सकती हैं। इसकी सूचना नगर निगम द्वारा जारी मोबाईल नंबर 7015631924 , नगर परिषद अंबाला सदर 9468435350, नगर पालिका बराड़ा 9315807001 , नगर पालिका नारायणगढ़ 9466934699 पर दी जा सकती है। नगर निगम प्रत्येक शिकायत के 48 घंटों के भीतर जांच की जाएगी। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रेस्ट हाउस में मंत्री विज आज सुनेंगे शिकायतें

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज अम्बाला छावनी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को एक अक्तूबर वीरवार को दोपहर 12:00 से अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुनेंगे। अंबाला छावनी क्षेत्र के लोग इस अवधि के दौरान अपनी समस्या लेकर दोपहर 12:00 बजे से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उनसे मिलकर अपनी समस्या रख सकते हैं। मंत्री ने कहा कि इस दौरान आने वाले सभी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

### वाहन चोरी के मामले में तीन शातिर आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस के एवीटी स्टाफ ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने त्वरित और तकनीकी कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 6 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। जांच अधिकारी सोमपाल ने बताया कि कच्चा बाजार के अनिल कुमार ने 18 अगस्त 2026 को शिकायत दी थी कि किसी आरोपी ने नई सब्जी अंबाला शहर के पास से उसकी बाइक चोरी की है। जांच टीम ने तकनीकी संसाधनों और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर जाल बिछाया और तीन आरोपियों को दबोचने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों की पहचान रजत कुमार निवासी गांव देवीनगर,बंटी वासी गांव गुथमडा व सन्नी वासी गांव बड़ी घेल के रूप में हुई है।

### छात्राओं को सीवी बेहतर बनाने बारे दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र की ओर से शालिनियों के लिए डॉ. सुषमा शर्मा द्वारा इंटरनेट से सीवी को बेहतर बनाना विषय पर ऑनलाइन रोजगारपरक कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 40 से अधिक शालिनियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान शालिनियों को प्रभावी एवं व्यवस्थित सीवी तैयार करने के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुषमा शर्मा ने शालिनियों को समझाया कि जिस संस्था में वे नौकरी के लिए आवेदन कर रही हैं, उसके बारे में पहले जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। संगठन की आवश्यकताओं को समझते हुए सीवी में आवश्यक बदलाव करें।

## ऊर्जा मंत्री ने छावनी मंडी में किसानों के लिए सुविधाओं का लिया जायजा

# 17% से कम नमी वाली धान को तुरंत खरीदें अधिकारी: विज

### मंत्री अनिल विज बोले किसानों को अनाज मंडी में रात को भी उपलब्ध होगा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मंडी में आए धान को जांचते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बुधवार को अंबाला छावनी की मंडी में धान खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसान हमारी आन, बान, शान, मान और सम्मान है। हम इन्हें कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। मंडी में जीरी की फसल लेकर आए किसानों को कोई दिक्कत न आए प्रशासन यह सुनिश्चित करे। इसके उपरांत विज ने यहां आयोजित कार्यक्रम में किसानों, आढ़तियों व उपस्थित लोगों को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में पड़ी जीरी की नमी को जांचा 17 प्रतिशत से कम नमी वाली धान की खरीद कर उसका उठान तुरंत करने के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीसी सचिन गुप्ता, एसडीएम कनिका गोयल, मार्केट कमेटी चेयरमैन बलविंद्र सिंह, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र बिंद्रा, नप अध्यक्ष स्वर्ण कौर व अन्य मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अंबाला छावनी की अनाज मंडी का दौरा किया और जीरी की फसल के खरीद के सारे इंतजामों की पुख्ता जानकारी ली। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री अनिल विज ने कहा की जीरी की फसल की खरीद बीते रोज ही शुरू हो चुकी है। मंडी में फसल सुखाई जा रही है और 17 प्रतिशत से नीचे नमी वाली फसल को हम खरीद रहे हैं, उन्होंने खुद कुछ जीरी की ढेरियों पर जाकर नमी को चेक किया है। उन्होंने कहा कि जितनी भी जीरी आएगी हम त्वरित कार्रवाई कर उठान करेंगे ताकि मंडी में जगह भी खाली होती रहे और नये जो किसान आएंगे उनको अपना अनाज डालने की जगह मिले। विज ने कहा कि अंबाला छावनी की अनाज मंडी उन्होंने नई बनाकर दी है। इसमें किसानों की हर सुविधा का ध्यान रखा है। इसीलिए यहां पर किसानों के लिए एक कार्यालय, उनके सोने के लिए एक बेहतरीन रेस्ट हाउस, उनके खाने-पीने के लिए कैंटीन भी खोली गई है, कैंटीन पहले दोपहर तक चलती थी मगर अब रात को भी खाना देने के की सुविधा है ताकि जो किसान अपनी फसल लेकर मंडी में आए उन्हें रात का खाना भी मिल सके। उन्होंने कहा कि मेरे साथ डीसी भी हैं जिन्हें कहा गया है कि मंडी में आने वाली फसल का तुरंत उठान हो ताकि आगे आने वाली फसल को रखने की जगह मिल सके। मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों, आढ़तियों व अन्य को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मेरा जन्म इसी शहर में हुआ है। शहर को मैने सांसें लेते देखा है। यह शहर 1835-36 में अंग्रेजो ने बसाया था। यहां पर सभी प्रकार के कारोबार के लिए स्थान बनाए गए थे परंतु मंडी के लिए कोई स्थान नहीं था, मात्र अंबाला छावनी का एक छोटा सा चौक था जहां न तो वहां पर ट्राली जाती थी और न ही फसलों को सुखाने के लिए कोई जगह थी और न फसलों को खरीदने-बेचने के लिए कोई उचित तरीका था।अंबाला छावनी को केवल पत्थर ही नसीब हुए, काम नसीब नहीं हुआ। काम होने शुरू हुए जब हमारी सरकार आई। उन्होंने कहा 2014 में जब हमारी सरकार आई तो सबसे पहला काम अंबाला छावनी में अनाज मंडी बनाकर दी। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी के यहां बनने से एक विपक्ष के व्यक्ति जोकि एक आढ़ती था उसने भी इसकी प्रशंसा करते हुए मुझसे कहा था कि अनाज मंडी यहां शिफ्ट होने से नई अनाज मंडी में अब एक दिन में इतना अनाज आ रहा है जितना पुरानी अनाज मंडी में महज एक महीने में आता था। अनाज मंडी यहां आने से हमारी जिंदगी बन गई।

#### काम गिनवा दें 31 हजार दूंगा ईनाम

इस दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने चैलेंज देते हुए कहा कि कोई यहां आकर मेरे द्वारा किए विकास कार्य गिनवा दें तो मैं उसे 31 हजार रूपए का ईनाम दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे द्वारा कराए गए काम जींवत हैं। वो खुद बोलते हैं अपनी कहानी कि यह किसने बनाकर दिए। नामुमकिन कामों को मैनें मुमकिन करके दिखाया है जो हो सकता और यह सब आप लोगों द्वारा दी गई ताकत व विश्वास से है। इस मौके पर मंडी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सुशील गोयल ने मुख्य अतिथि को शाल व पर्यावरण का प्रतीक भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। मौके पर एसडीएम कनिका गोयल, मार्केट कमेटी के चेयरमैन बलविंद्र सिंह शाहपुर, मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, मंडल प्रधान प्रवेश शर्मा, हर्ष बिंद्रा,अजय बवेजा, बीएस बिंद्रा, डीएम हैफड देवेंद्र सिंह, सचिव नीरज भारद्वाज मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री ने छावनी मंडी में खरीद कार्यों का लिया जायजा



- चंडीगढ़ जाते समय कृषि मंत्री ने छावनी मंडी में लगाए ब्रेक
- अधिकारियों को आदेश, खरीद के दौरान मंडियों में किसानों को नहीं होनी चाहिए कोई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अंबाला छावनी अनाज मंडी में मंगलवार देर रात निरीक्षण करते हुए धान खरीद कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने मंडी में की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल की। बता दें कि कैबिनेट मंत्री पिपली से चंडीगढ़ जा रहे थे। उन्होंने देर रात अंबाला छावनी अनाज मंडी पहुंचकर मंडी की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी में पहुंचकर मार्केट कमेटी सचिव से मंडी में अब तक आए धान की जानकारी ली। साथ ही कटे गेट पासों के बारे में भी पूछा। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों, सफाई व्यवस्था के साथ नमी मापने वाले मीटर की भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों को धान खरीद से संबंधित कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस दौरान उन्होने मंडी में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय , पेयजल , बिजली व बॉयोमेट्रिक की व्यवस्था की भी जानकारी ली। राणा ने कहा कि धान खरीद से संबंधित जो नियम तय किए गए हैं उनके के तहत किसानों की धान की खरीद का कार्य किया जाए। उन्होंने खरीद एजेंसियों को भी निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से किसानों की फसलों को खरीदना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि धान खरीद के साथ लिफ्टिंग का कार्य भी बेहतर तरीके से होना चाहिए। किसानों को उनकी फसलों की अदायगी भी समय अवधि के तहत होनी चाहिए। इस मौके पर एसडीएम कनिका गोयल ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि उन्होंने बीते कल दोपहर को अनाज मंडी में तमाम व्यवस्थाएं जांची थी। सभी व्यवस्थाएं यहां पर ठीक हैं। उन्होंने मंत्री को आश्वस्त किया कि मंडी में किसानों को धान खरीद से संबंधित कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मंडी में नमी मापने वाले मीटर के साथ-साथ बारदाने की भी व्यापक व्यवस्था है। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज, अतिरिक्त सचिव मोहित आदि मौजूद रहे।

## चुनाव आयोग पर आरोपों की बजाय तथ्यों पर हो चर्चा

- मेयर व भाजपा जिलाध्यक्ष ने विपक्षी दलों पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करती मेयर व भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम की मेयर अक्षिता सैनी ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। इस संबंध में उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और मतदाता सूची का पुनरीक्षण उसकी निर्धारित जिम्मेदारियों का हिस्सा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा भी मौजूद रहे। सैनी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करने के बजाय तथ्यों, आधिकारिक दस्तावेजों और न्यायालय के फैसलों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग की ओर से जारी जानकारी फार्म 6 और न्यायालय में हुई कार्यवाही जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 27 मई 2026 के फैसले में बिहार में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया था। ऐसे में मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े किसी भी विषय पर राय बनाने से पहले संबंधित न्यायिक आदेशों और निर्वाचन आयोग के आधिकारिक रिकॉर्ड को देखना जरूरी है। मेयर ने कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना राजनीतिक और सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा हो सकता है, लेकिन ऐसे सवाल प्रमाणित तथ्यों के आधार पर ही उठाए जाने चाहिए।। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास जनता से जुड़े ठोस मुद्दे नहीं हैं। इसलिए जनता का ध्यान भटकाने के लिए चुनाव प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## पुलिस के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक वर्मा 90 बार दान कर चुके हैं प्लेटलेट्स

- पुलिस अधिकारी 185 बार कर चुके हैं रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। रक्तदान करते डॉ. अशोक वर्मा।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर पुलिस के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा रक्तदान एवं सामाजिक सेवा यात्रा में लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं। वर्मा अब तक 185 बार रक्तदान, 90 बार प्लेटलेट्स तथा एक बार प्लाज्मा दान कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में 610 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें 22,021 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। वे लगभग 76 हजार जरूरतमंदों लोगों तक रक्त की सेवा दे चुके हैं। डॉ. वर्मा आपात स्थिति में मांग आने पर भी रक्त एवं प्लेटलेट्स की व्यवस्था कराते हैं। उहरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में डॉ. वर्मा नशामुक्ति अभियान को भी निरंतर गति दे रहे हैं। वे साइकिल से विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हैं।

## दो भाइयों पर ईंटों से जानलेवा हमला, एक की टांग टूटी, चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शहजादपुर।** पुराने सिविल अस्पताल के पास बाइक सवार दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसके भाई के सिर में चोट के साथ-साथ पैर की हड्डी टूट गई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव शहजादपुर के जसविंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 8:20 बजे वह अपने भाई अमृतपाल सिंह के साथ बस स्टैंड से मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहा था। जब वे पुराने सिविल अस्पताल के समीप पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद राजेश कुमार उर्फ काका उसके दो बेटों तथा धनाना के अंकित गुमा ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर दोनों भाइयों पर ईंटों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में जसविंद्र सिंह के सिर पर गंभीर चोटें आईं जबकि उसके भाई अमृतपाल सिंह के सिर में गहरी चोट लगने के अलावा उसकी टांग टूट गई। राहगीरों और आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव कराने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद दोनों घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल शहजादपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अंबाला शहर सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। अमृतपाल की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर किया। हालांकि परिजनों ने उसे अंबाला कैंट के नांदरा अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों के अनुसार अमृतपाल के सिर में गंभीर चोट और पैर में फ्रैक्चर होने के कारण वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। अब पुलिस फरार आरोपियो को तलाश रही है।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला शातिर आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के 9 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। पकड़ा गया आरोपी।

थाना अंबाला शहर पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि 20 जून 2025 को पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 6 फरवरी 2024 से 26 अप्रैल 2025 के बीच आरोपी रूपेश कुमार व अन्य ने उसके बेटे को विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम हड़प ली। आरोपियों ने न तो उनके पुत्र को विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए। इसके विपरीत, जब पीड़ित परिवार ने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इस शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी गई थजांच टीम ने टीम ने मुख्य आरोपी राजस्थान क रूपेश कुमार को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी विदेश भेजने के नाम पर पैसे ठगने के संबंध में थाना शहजादपुर, बलदेव नगर, सैक्टर- तथा पंचकूला में लगभग 9 मामले दर्ज हैं। आरोपी से अब तक पूछताछ कर लगभग 50 हजार रुपए नकदी तथा पासपोर्ट बरामद किया गया है।



### गुरु पर विश्वास रखने से ही होते हैं कार्य : संत प्रकाश

**थानेसर।** राजेन्द्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम नंगली वाली कुटिया में रात्रि को स्वामी अनन्त प्रकाशानंद महाराज की स्मृति दिवस के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया व बुधवार सुबह आश्रम के द्वार पर ध्वजारोहण किया गया। जिसका शुभारंभ आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी एवं संत अगम पुरी महाराज ने आरती करके किया। इस मौके पर संत प्रकाश पुरी ने कहा कि 84 लाख योनियो भोगनें के बाद मनुष्य रूप में जन्म होता है, इसलिए मनुष्य को अपने लोक परलोक को सुधारने के लिए निस्वार्थ भावना से विश्वास के साथ ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। मंच का संचालन चंद्र प्रकाश धमीजा ने किया। इस मौके पर संत निर्विकार पुरी, संत संतोष पुरी, संत सनातन पुरी, संत सहज पुरी, संत आत्म विभोर पुरी पिहोवा, संत त्रिलोक पुरी झांसा, संत वीणा पुरी, संत यथार्थ पुरी, संत वीणा पुरी, संत दर्शन पुरी खन्ना, आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, महात्मा सुखधमार्नद, महात्मा हरदेवानंद, महात्मा रामानंद, महात्मा गोपालानंद, महात्मा अवधेशानंद ने संगत का मार्ग दर्शन किया।

### सुरेंद्र मेहला बने थाना मुलाना के प्रभारी

**मुलाना।** थाना मुलाना के प्रभारी प्रमोद सिंह का तबादला हो गया है। उनके स्थान पर सुरेंद्र मेहला ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने थाना स्टाफ के साथ आवश्यक जानकारी ली और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को लेकर चर्चा की। प्रमोद सिंह ने करीब एक वर्ष तक थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस से संबंधित मामलों में सक्रियता से कार्य किया। नवनियुक्त प्रभारी सुरेंद्र मेहला ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने थाना क्षेत्र के लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

## उपायुक्त ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

# खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिलवाना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

### जिले के 23 शिक्षण संस्थानों व ग्राम पंचायतों के तहत नर्सरियों में 1025 खिलाड़ी पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने खेल विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए जिले में खेल विभाग से संबधित गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी ली। जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि वह खेल नर्सरियों में पंजीकरण खिलाड़ियों के साथ-साथ यहां आने वाले सभी खिलाड़ियों को उनकी खेल रूचि अनुसार प्रशिक्षण दिलवाकर तैयार करे ताकि वह अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ सके और अपने शहर व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। उपायुक्त ने जिला खेल अधिकारी निजी व सरकारी खेल नर्सरियों की जानकारी ली। साथ ही पंजीकृत खिलाड़ियों के बारे में पूछा। इसके अलावा खेल नर्सरियों में कोच व सुविधाओं की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि हमें खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिलवाकर तैयार करवाना है ताकि वह बेहतर प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ सके और अपने शहर, जिला व प्रदेश का नाम रोशन कर सके।

उपायुक्त ने बैठक के क्रम में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि हमें जहां खिलाड़ियों को खेल संबंधी बेहतर उपकरण एवं इन्फ्राच्ट्रक्चर उपलब्ध करवाना है। हर वर्ष सेफ्टी ऑडिट करवाना भी सुनिश्चित करना हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों को जहां तैयार करना है, इसके साथ-साथ जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं भी करवानी है ताकि खिलाड़ी मजबूत हो सकें और आगामी आने वाले खेलों जैसे ओलंपिक, एशियन व अन्य गेमों के लिए तैयार हो सकें। उपायुक्त ने बैठक के दौरान जिले में खेल स्टेडियमों की भी जानकारी ली।

#### खेल स्टेडियमों में प्रगति की जानकारी ली

उन्होंने यह भी कहा कि सभी खेल स्टेडियमों क्षमता व प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों की भी जानकारी ली। खेल अधिकारी ने बताया कि 23 सरकारी शिक्षण संस्थानों व ग्राम पंचायतों के तहत खेल नर्सरियां हैं। यहां पर 1025 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। आयु वर्ग 8 से 14 वर्ष तक के खिलाडियों को 1500 रूपए तथा 15 से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों को 2 हजार रूपए स्टाईफंड सीधे खिलाड़ियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाते हैं। इसके साथ-साथ सभी खिलाड़ियों की एंट्री व एक्सीट की ऑनलाईन अटेंडेन्स भी ली जाती हैं। उन्होंने बताया कि नए खिलाड़ियों का भी समय समय पर पंजीकरण करवाया जाता हैं। उन्होंने इस दौरान खेल स्टेडियम से संबंधित जो आवश्यक कार्य किए जा रहे है उसकी प्रगति की भी जानकारी दी।